an>

Title: Regarding alleged interference of Pakistan and China in our domestic affairs.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर) : अध्यक्ष महोदया, पिछले कुछ दिनों से कश्मीर की बुरी हालत देखते हुए सारा सदन चिंतित है और इस विÂÂषय पर सदन में काफी चर्चा भी हुई थी। हमारे गृह मंत्री जी के कहने के मुताबिक, उन्होंने दावा किया था कि मैं कश्मीर घाटी में जाऊंगा, उन्होंने वहां दौरा भी किया लेकिन हमें जानकारी है कि वे वहां से खाली हाथ लौटकर आए हैं। अगर उन्होंने कुछ हासिल किया भी है तो उसके बारे में सदन को कुछ मालूम नहीं है।

इसी संदर्भ में, मैं एक और बात का जिक्र इस सदन में करना चाहता हूं कि हमारा एक दूसरा पड़ोसी देश चाइना भी हमारे खिलाफ काफी कड़े तेवर दिखा रहा है। चीन भी हमें हिदायत दे रहा है कि "China has taken note of relevant reports. We are equally concerned about the casualties in the clash and hope that the relevant incident will be handled properly".

मेरा सवाल यह है कि हम सब सदन में चर्चा करते रहें और बाहर कभी हाफिज भाई और शरीफ भाई पाकिस्तान में भाई-भाई मिलकर हिन्दुस्तान के खिलाफ जंग छेड़ने की धमकी दे रहे हैं और हमारे यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई चुप्पी साधे हैं।